an>

Title: Need to start research work at Betel Leave Research Centre, Islampur in Nalanda district of Bihar-Laid.

*m01

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): बिहार राज्य के नालन्दा जिले के ईस्लामपुर में तत्कालीन कृषि मंत्री से सन् 2003 में एक पान अनुसंधान केन्द्र का उद्घाटन किया जो कि बहुत जनान्दोलन के बाद स्थापित हुआ। इसमें कृषि वैज्ञानिकों की भर्ती हुई, इसका बिल्डिंग बनी, चाहरदीवारी में फेंसिंग लगी। लेकिन रिसर्च का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ।

इस सदन के माध्यम से मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि इस पान अनुसंधान केन्द्र में रिसर्च का काम शीघ्र शुरू हो ताकि यहां के पान किसान पान की खेती में आधुनिकतम कृषि टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर ज्यादा-से-ज्यादा पान का उत्पादन कर सकें क्योंकि यहां का मगही पान विश्व स्तर का होता है और ज्यादा से ज्यादा उत्पादन विदेशों में निर्यात होता है। यहां के मगही पान के निर्यात से देश को बहुत विदेशी राजस्व की प्राप्ति होती है।